प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट ' उनतालीस '

[24/3/2017]

परिशिष्ट "अ"

प्रश्न सं. [क्र. 7094]

विधान सभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 7094

मध्यप्रदेश शासन द्वारा पर्यटन विकास निगम को घरेलू विमान सेवाओं के संचालन हेतु नोडल एजेन्सी नियुक्त है। प्रदेश में घरेलू विमान सेवा प्रारम्भ करने हेतु मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम एवं मेसर्स वेन्चुरा एयर कनेक्ट के मध्य वायु सेवा के संचालन हेतु 3 वर्षो के लिये अनुबंध किया गया था जो कि माह सितम्बर 2014 को समाप्त हो गया था इसके पश्चात विमान संचालन हेतु निविदा जारी की गयी थी जिसमें मेसर्स सूप्रीम एविऐशन का चयन किया गया था जिसमें मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम एवं मेसर्स सूप्रीम एविऐशन के मध्य माह अप्रैल 2015 में तीन वर्षो के लिये अनुबंध किया गया था अनुबंध की शर्तो के अनुसार माह सितम्बर 2015 से हवाई सेवा शुरू किया जाना था परंतु उक्त आपरेटर द्वारा तय समय सीमा में वायु सेवा का संचालन नही किया गया इसके संबंध में कई बार सूचना पत्र जारी किया गया परंतु उक्त आपरेटर द्वारा तय समय सीमा में वायु सेवा का संचालन नही किया गया जिसके कारण निगम द्वारा उक्त आपरेटर को दिनांक 05/12/016 को टर्मिनेशन नोटिस भेजा गया एवं निविदाकर्ता का अनुबंध समाप्त कर दिया गया इस पर उक्त आपरेटर द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में बार दायर किया गया जिसमें माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा दिनांक 19/07/2016 को निगम के पक्ष में निर्णय किया गया इसके पश्चात ई-टेंडर के माध्यम से पुनः निविदायें आंमत्रित कर नियमानुसार मेसर्स प्रभातम एविऐशन प्राइवेट लिमिटेड का चयन किया गया एवं दिनांक 26/11/2016 को मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम एवं मेसर्स प्रभातम एविऐशन प्राइवेट लिमिटेड के मध्य अनुबंध किया हो चुका है।